पांच दिन संघर्ष के बाद बड़ागांव में नहर का कार्य शुरू

भारतीय सर्व सेवा संगठन की जिद के आगे झुका प्रशासन

रीवा

विगत पांच दिनों से भारतीय सर्व सेवा संगठन के द्वारा नहर के रुके कार्य को पूर्ण कराने के लिए किया जा अनशन कार्य शुरू होने के बाणसागर विभाग के एसडीओ एवं सब इंजीनियर को ज्ञापन सौंप कर समाप्त कर दिया गया। बी एस एस अध्यक्ष उमेश पिड़िहा में सभी क्षेत्रीय नागरिकों और सरपंचों का आभार जताया है। रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव में नहर के आधे-अधूरे कार्य को लेकर भारतीय सर्व सेवा संगठन द्वारा 25 अप्रैल से ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ तपती धूप में धरना पर बैठे थे। 26 अप्रैल को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा धरना स्थल पर पहुंच कर आश्वासन दिया कि अगले दिन से कार्य शुरू हो जाएगा लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ और धरना जारी रहा। फिर इसके बाद प्रशासन द्वारा नहर कार्य हेतु मशीनें भेजी गईं। इसके बाद 29 अप्रैल को भारतीय सर्व सेवा संगठन ने बाण सागर विभाग के एसडीओ सुनील शर्मा एवं सब इंजीनियर केपी मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर धरना समाप्त किया । संगठन के अध्यक्ष उमेश पीड़िहा द्वारा कहा गया कि अगर नहर का कार्य निरंतर नहीं चला तो हम पुन:आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते वक्त संगठन की अध्यक्ष उमेश पीड़िहा, सरपंच बड़ागांव भारत कोरी, उप सरपंच उदय प्रताप सिंह, पूर्व सरपंच अशोक पांडेय, वनस्पति सिंह, लाल बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह,रज्जन सिंह, कुँवर सिंह, संजय चौरसिया, शैलेंद्र सिंह, विवेक पांडेय, शिवेश चतुर्वेदी, दिवाकर सिंह ,सतीश कोरी, धीरेन्द कोरी, वीरेंद्र कोरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

शिक्षा को वास्तविक स्तर पर चलाने एवं अमल करने पर जोर

अंबेडकर जन्म जयंती पखवाड़ा का हुआ आयोजन

हनुमना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड हनुमना के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार हनुमना में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य मे व्या यान माला एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन विधायक प्रदीप पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मु य अतिथि विधानसभा मऊगंज के लोकप्रिय विधायक प्रदीप पटेल रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता (सोनू), गुड्डू सिंह जनपद पंचायत सदस्य, अजय कुमार पटेल समग्र विकास अधिकारी एवं सच्चिदानंद द्विवेदी स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद हनुमना के मार्गदर्शन में स पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवांकुर प्रमुख दिलीप द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप पटेल द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विधायक श्री पटेल द्वारा शिक्षा को वास्तविक स्तर पर चलाने एवं अमल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण जनो एवं समस्त परामर्शदाता सहयोगी साथियों एवं नवांकुर प्रमुखों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र में परामर्शदाता भास्कर दत्त मिश्रा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मु यत: नवांकुर प्रमुखों में मदन लाल कुशवाहा, अनुपम पाण्डेय एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों में मु यत: पार्वती त्रिपाठी उमेश तिवारी आशुतोष मिश्रा व प्रवीण मिश्रा तथा स्नातक एवं परास्नातक कोर्स के के छात्रों की सहभागिता सराहनीय रही।

बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित

मऊगंज। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को चिन्हित कर उनके रोकने की कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया है। अनुभाग मऊगंज में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ सीईओ जनपद, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी मऊगंज और नईगढ़ी को उड़नदस्ता दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार अनुभाग हनुमना में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद हनुमना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी हनुमना उड़नदस्ता दल में शामिल किए गए हैं। यह दल विकासखण्ड स्तर पर बाल विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवाएं न देने की अपील करेंगे। कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय से जिले में बाल विवाह न करने का परामर्श देने व बाल विवाह की सूचना कंट्रोल रूम, पुलिस थाना, चाइल्ड लाइन, एसडीएम कार्यालय तथा परियोजना कार्यालय में देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि भ्रमण के दौरान बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए बाल विवाह की रोकथाम की समुचित कार्यवाही करें।

बिजली समस्या: ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार ने सौंपा ज्ञापन

सेमरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं ब्लॉक संगठन प्रभारी विष्णु प्रसाद शुक्ला के आयोजकत्व में ब्लॉक मझियार के अंतर्गत आने वाले गांवों मे बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के संबंध में ज्ञापन पत्र कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण पश्चिमी क्षेत्र रीवा को सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने ज्ञापन पत्र सौंपते हुए कहा की विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के ब्लॉक मझियार में आने वाले गांव में विद्युत की सप्लाई एवं मेटिनेंस का कार्य लौआ लक्ष्मनपुर फीडर, बैकुण्ठपुर फीडर, व इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा फीडर से होता हैं। परन्तु पिछले काफी दिनों से विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत प्राप्त हो रही हैं कि विभाग के द्वारा जो उपभोक्ताओं का बिजली का बिल दिया जा रहा है उसमें अनियमित बिल, अघोषित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज तथा केबिलें कई गांवों में कटी हुई हैं। जिस संबंध में विद्युत वितरण केन्द्र के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं परन्तु विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समुचित समाधान नही किया गया। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए विद्युत समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गयी। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शिवकुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला जिला सचिव , लक्ष्मी प्रसाद शर्मा सेक्टर अध्यक्ष, अरुण द्विवेदी, वीरेन्द्र, ब्लॉक महामंत्री संजय तिवारी, सेक्टर अध्यक्ष प्रकाश नारायण पाण्डेय, जितेंद्र तिवारी, ब्लॉक सचिव हि मत द्विवेदी, सेक्टर अध्यक्ष अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, सेक्टर अध्यक्ष अनुपम तिवारी, विष्णु सिंह, राजमोहन सिंह, अलकेश शर्मा, अखिलेश सिंह रिंकू, प्रमोद पाण्डेय, उमेश तिवारी, अशोक तिवारी, रावेंद्र तिवारी, विनय कुमार पाण्डेय, अजय पाल, मुकेश तिवारी, नीरज पाण्डेय, बाल्मीक सिंह, समयलाल आदिवासी, रज्जन कोल, मिठाईलाल यादव सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार के सभी कांग्रेस जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवानिवृति पर समारोह पूर्वक दी गयी मनमोहन अग्निहोत्री को विदाई

रीवा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुआरी में पदस्थ रहे शिक्षक मनमोहन अग्निहोत्री उर्फ राजा 30 अप्रैल 025 अपनी अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत होने पर विद्यालय में विदाई समारोह विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया। सेवानिवृत होने पर भी विद्यालय और समाज को अपनी सेवाएं दिशा निर्देश देते रहने का विनम्र अनुग्रह किया तथा सभी उपस्थित जनों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की । इसी बीच सेवानिवृत्ति हुए मनमोहन अग्निहोत्री का संकुल प्राचार्य एवं स्टाफ ने साल श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर रूबी पटेल जनपद सदस्य रायपुर कर्चुलियान , विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग अनिल सिंह गहरवार, अमवा 5 सरपंच दुआरी बृजभान पटेल, विनोद पांडे, राजकिशोर सोनी, शंभू द्विवेदी सहित विद्यालय परिवार की ओर से संकुल प्राचार्य टीपी शुक्ल,ा कुमर बहादुर सिंह सुधाकर मिश्रा, चंद्रमणि पांडे, राजपूत चौरसिया, प्रदीप पटेल, सत्यम अग्निहोत्री एवं अन्य शिक्षक गण शिक्षिकाएं मौजूद रहे ।

कश्मीर और देश में शांति के लिये साजिशी ताकतो का सफाया जरूरी-डी.पी.सिंह

हिन्दू धर्म परिषद की हुयी श्रृद्धांजलि सभा, कई संगठनों ने उपस्थिति दर्ज कराई

झरीवा स्वतंत्र मत

पहलगाम और देश में शांति के लिये आतंकवादी साजिशी ताकतों का सफाया करना जरूरी है वरना कश्मीर में फैलने वाली बेरोजगारी नये अपराधों को जन्म दे सकती है यह जोशीले उदगार हिन्दू धर्म परिषद की युवा शाखा के द्वारा पहलगाम में हुई हिन्दुओं की हत्या के विरोध में हेमू कलाणी चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मानस मंडल के संरक्षक डी0पी0सिंह परिहार ने व्यक्त किये एवं आयोजन को साहस पूर्ण युवा चेतना का प्रतीक बताते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी की राजयोगिनी बी.के.निर्मला ने देश में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त करने भारत सरकार को कठोर कदम उठाने के लिये कहा। धर्मपरिवार के महासचिव सुरेश विश्नोई ने हिन्दूओं की हत्या के घटना क्रम की घोर निन्दा करते हुये कहा कि इन घटनाओं की पुनरावृति रोकनी चाहिये। वरिष्ठ समाजसेवी एवं परिषद की महिला शाखा अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह ने हिन्दुओं को जाति-वर्ग में बॉटने वाली राजनीति का बहिष्कार कर एक मंच पर लाने का महान कार्य हिन्दू धर्म परिषद कर रहा है। कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्र मणी, प्रचार सचिव रामकृष्ण द्विवेदी के साथ उपाध्यक्ष हशमत रीवानी ने देश प्रेम से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति से शहीदो का नमन किया। संस्थापक नारायण डिगवानी ने युवा शाखा के अध्यक्ष विकास सेन आर्यन और उसके साथियों को ऐसे महान कार्य के लिये आर्शीवाद एवं शाबासी दी। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव पप्पू कनौजिया ने कहा कि हिन्दुओं को अगड़ा-पिछड़ा छोड़ कर सिर्फ हिन्दू की बात करनी चाहिये। परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी ने भारतीय संस्कृति और संस्कारो को जिन्दा रखने के एकजुट रहने की आवश्यककता बताया। परिषद के आव्हान पर समूचे विंध्य में हजारो दीपक जलाये गये। परिषद द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विशेष रूप से संजय सेन, उमेश कुशवाहा, आकाश खटिक, सुभाष कुशवाहा, सुमित कुशवाहा, रोहित सेन, नरेन्द्र कुशवाहा, मोहित वर्मा, शिवेन्द्र पटेल सहित कई लोगो ने उपस्थिति दर्ज कराके आयोजन को सफल बनाया।

तीन पंचायत सचिव निलंबित छः की वेतनवृद्धियाँ रोकी गईं

रीवा। मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मु य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद मऊगंज में आयोजित समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर छः सचिवों की एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव ग्राम पंचायत बरसैता रायपुर कर्चुलियान अनिल सिंह परिहार, सचिव तत्कालीन ग्राम पंचायत बरौं वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत अटरिया पुर्वा सिरमौर मयंक पाण्डेय तथा सचिव ग्राम पंचायत इटहा कला नईगढ़ी सुरेश कुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जबकि सचिव ग्राम पंचायत बहेराडाबर रामदरश भारती, सचिव ग्राम पंचायत नौढ़िया संतोष पटेल, सचिव व ग्राम पंचायत नरैनी अरूण सिंह, सचिव ग्राम पंचायत दुबगवां दुबान रामलली कुशवाहा, सचिव ग्राम पंचायत मटियरा राजेन्द्र तिवारी तथा सचिव ग्राम पंचायत सीतापुर उमेश शुक्ला की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया है।

चौरासी क्षेत्र में मनाया जाएगा भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव

मऊगंज। जनपद हनुमना के चौरासी क्षेत्र के हृदय स्थल में स्थित ग्राम पंचायत खूंटा में आज भगवान परशुराम जू का प्रगटोत्सव मनाय जाएगा। आयोजक ग्राम पंचायत खूंटा के सरपंच कौशल बाबा पाठक ने बताया कि विगत तीन वर्षों से भगवान परशुराम जू का प्रगटोत्सव हनुमान मंदिर प्रांगण में क्षेत्र वासियों के सहयोग से बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें बड़ी सं या में चौरासी क्षेत्र के विप्रजन एवं भक्तजन भाग लेते आए हैं। उसी कड़ी में इस वर्ष भी सुबह 11 बजे से भगवान परशुराम जू का पूजन वंदन दोपहर 1 बजे से प्रबुद्ध विप्रजन द्वारा भगवान परशुराम जू पर धर्मवाता तथा विप्रजनों का अभिनंदन कियाजाएगा।

तमरा प्राचार्य एसएन मिश्र हुए सेवानिवृत

वीईओ रीवा की उपस्थिति में हुई भाव भीनी विदाई एवं सम्मान समारोह

रीवा

शासकीय हाई स्कूल तमरा में पदस्थ प्राचार्य एस. एन. मिश्र ने मंगलवार 29 अप्रैल को अधि-वार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवा निवृत हुए। विद्यालय परिवार की ओर से उनका विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल दीपांकर विशेष रूप से उपस्थित रहकर हार्दिक बधाई तथा उनका आगे का जीवन मंगलमय हो की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण से श्री मिश्र का स्वागत किया एवं भेट स्वरूप शाल, श्रीफल, भागवत गीता एवं अभिनंदन पत्र उपहार स्वरूप दिया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने-अपने संक्षिप्त संबोधन से मिश्र के दीर्घायु एवं नवजीवन की मंगल कामनाएं की। एसएन मिश्रा चंद शासकीय लोक सेवकों में है, जिन्होंने 39 वर्ष 11 माह 17 दिवस जीवन के शासकीय सेवा में दिया, इतनी लंबी शासकीय सेवा एवं एक लंबा अनुभव उनकी कार्य कुशलता पर स्पष्ट दिखाई देता है।

ये रहे मौजूद- विदाई समारोह में बीईओ रीवा आर.एल दीपंकर, प्राचार्य निपानिया अनिरुद्ध कुमार साकेत, प्राचार्य कचूर बी के पटेल, प्राचार्य खैरा चोरहटा बृज बिहारी मिश्रा, प्राचार्य विद्या मंदिर मानस नगर यश के चतुर्वेदी, सीएसी निपानिया अनुज पटेल, लिपिक संजय श्रीवास्तव, शिक्षक रामयश पाल, कीर्ति कुमार वर्मा, संजय द्विवेदी, रजनीश मिश्रा, मुनिराज सिंह, प्रवीण पटेल, राजकुमारी सिंह, हेमलता सिंह, अतिथि शिक्षक शर्मा सहित से. नि.प्राचार्य श्री मिश्र के परिवार के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर प्रभारी प्राचार्य राम यश पाल एवं शिक्षक कृति वर्मा द्वारा धन्यवाद उद्बोधन एवं बैंड बाजे के साथ से.नि. प्राचर्य की विदाई की गई।

जय परशुराम के नारों से गूंज उठा मऊगंज शंखनाद के साथ हुआ शोभयात्रा का शुभारंभ

मऊगंज नगर में निकली भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा

मऊगंज ब्यूरो

हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मऊगंज नगर में भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई । आयोजक अखिल भारतीय विप्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पांडेय रहे और यात्रा की अगुवाई की। यात्रा चौक मोड़ से प्रारंभ हुई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा फूल माला शाल श्रीफल मिष्ठान शरबत के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल होने के लिए जिले भर के साथ साथ अन्य जिलों के भी विभिन्न धर्म प्रेमी बंधु शामिल हुए। आयोजन समिति के अध्यक्ष नर्मदा पयासी ने बताया कि यात्रा में विभिन्न वरिष्ठ जन शामिल हुए। यात्रा में मातृ शक्ति ने भी सहभागिता की। भगवान परशुरात के जयकारों की गूंज से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक राममणि शुक्ला ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। यात्रा में शस्त्र प्रदर्शन किया गया। यात्रा का मु य मार्ग पर अनुष्ठान वितरण शरबत वितरण करके स्वागत किया गया। विशेष रूप से राज रेस्टोरेंट विनोद मेडिकल संतोष अवधिया मनोज उपाध्याय अली हसन राजेश सराफ अजय मिश्रा एलोरा गारमेंट सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में समाजसेवी वरिष्ठजनों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर राम सजीवन शर्मा, जवाहरलाल मिश्रा, अधिवक्ता प्रदीप सिंह सरपंच अखिलेश शुक्ला , इंद्रमणि मिश्रा वंश गोपाल तिवारी जगदीश शुक्ला केसरी प्रसाद मिश्रा हीरामणि चतुर्वेदी जनपद सदस्य मुन्ना तिवारी बृज किशोर तिवारी अवध बिहारी पांडेय अमरीश मिश्रा मृत्युंजय चौबे बैकुंठ मिश्रा भगवान शुक्ला अजित उर्मालिया दीना मिश्रा प्रदीप पांडे मुकेश दुबे नितिन मिश्रा अभिषेक मिश्रा प्रभात पांडे कन्हैया लाल तिवारी मयंक पांडे सौरभ पांडे आदर्श पांडे सचिन पांडे संदीप समदड़िया विनोद द्विवेदी संतोष द्विवेदी सचिन मिश्रा राम सुशील पांडेय सुमित पांडेय तेज प्रसाद पांडेय विनोद पांडेय प्रवेश पांडेय सहित हजारों की सं या में धर्म प्रेमी जन उपस्थित थे। मंच संचालन अखिलेश पांडेय ने व मृत्युंजय चौबे ने आभार व्यक्त किया।

रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल व केवी न. 1 की टीम रही विजेता, अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का हुआ समापन

रीवा।

रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और केवी नं. 1 के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बाद केवी नं. 1 की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इसी तरह, बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुआ, जिसमें मेज़बान टीम रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अशोक पटेल की उपस्थिति रही। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय यादव मु य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सदस्य जीतू तिवारी, विजय सिंह, आशीष सिंह परिहार तथा प्रसिद्ध योग शिक्षक प्रदीप मिश्रा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्राचार्य मुनेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल न केवल व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, बल्कि टीम भावना और दृढ़ संकल्प भी सिखाते हैं। हमारे छात्रों ने हम सबका गौरव बढ़ाया है। वहीं, निदेशक सुरेन्द्र कुमार पटेल ने कहा कि छात्रों को उनके कौशल को निखारने और प्रदर्शित करने हेतु ऐसे मंच प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

तारपिन का तेल डालकर युवक को जलाने का आरोप

रीवा। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर में एक युवक के ऊपर तारपिन का तेल डालकर आग लगाने का आरोप परिजनों ने लगाया है। घायल युवक का उपचार रीवा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। आग से युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। आग से झुलसे युवक अमित सिंह बघेल के छोटे भाई ने आरोप लगाया कि अमित विवेक साहू के घर पर काम करता था और आग विवेक साहू के हाथो ही लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना जानबूझकर की गई है और आग लगने के बाद परिवार को सही जानकारी तक नहीं दी गई। उन्हें अंधेरे में रखा गया और मामूली रूप से हाथ जलने की बात कही गई। अब पीड़ित के भाई ने मांग की है कि अमित का पूरा इलाज करवाया जाए। पीड़ित परिवार ने पूरी घटना की शिकायत विश्वविद्यालय थाने में की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मासूम की मौत के बाद भी छुपाई सच्चाई निजी अस्पताल की बड़ी लापरवाही

अस्पताल में बालक की मौत, डॉक्टर ने खुद को बचाने जिला अस्पताल मृत बालक को पहुंचाया, परिजनों ने लगाया आरोप ,कहाः एक दिन बच्चा स्वथ्य होने के बाद डॉक्टरों ने ही जिला अस्पताल ले गये बालक को

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। जिले में निजी चिकित्सकों की मनमानी लगातार जारी है, इस बार तो एक निजी अस्पताल ने स्वयं को बचाने के लिए उपचार के दौरान मासूम बालक की मौत होने पर बिना परिजनों को बताए ही पिता को एंबुलेंस में बैठाकर सरकारी अस्पताल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन जैसे ही निजी अस्पताल के स्टाफ ने मृत बालक को शिशु वार्ड के बेड पर लेटाया पिता ने अपने बेटे को पहचान लिया और निजी अस्पताल के स्टाफ से सवाल-जवाब करने लगा तो उक्त स्टाफ मौके से ही चला गया। वहीं सरकारी अस्पताल के शिशु वार्ड के स्टाफ ने पिता को बताया कि लाए गए बालक की मौत हो चुकी है, उनके यहां मरा हुआ बालक लाया गया है। जिसके बाद परिजनों व निजी अस्पताल के बीच गहमा-गहमी का माहौल भी देखने को मिला हैं।परिजनों ने आरोप लगाया हैं कि डॉक्टर के द्वारा सचाई झुपाई गई हैं और जब बालक अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई थीं तो उसकी जानकारी दिये बगैर ही उन्होने ही जिला अस्पताल में भर्ती करने पहुंच गये, जब हमने देखा तब पता चला कि वह बालक हमारा हैं जो मृत हैं। इसमें डॉक्टर की लापरवाही हैं और वह अपने आप को बचाने के लिए मृत बालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे हैं। प्रकाश घटरे काशपुर आमाटोला थाना वारासिवनी निवासी ने बताया कि 22 अप्रैल को उनके एक वर्ष दो माह के बेटे आलोक को दस्त लगे थे जिसे उपचार के लिए 23 अप्रैल को उन्होंने अपने बेटे को न्यू समर्पण अस्पताल डॉ. आशीष गिरी के यहां भर्ती कराया था, यहां पर कुछ दिनों के उपचार के बाद उनके बेटे की हालत में सुधार हो रहा था और 27,27 व 28 अप्रैल को बालक काफी स्वस्थ भी हो गया था। जिसके बाद 29 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे स्टाफ के कहने पर उन्होंने बालक को खाना भी किया था और दोपहर करीब 4 बजे से 5 बजे के बीच बालक को जब नारियल पानी पिलाया गया था तो वह स्वस्थ था और बेड पर पलट भी रहा था। उन्होंने बताया कि इसके कुछ देर बाद ही वार्ड का गेट बंद कर दिया गया और किसी को भी अंदर जाने से मना किया गया। कुछ समय बाद ही एक एबुलेंस आ गई और वार्ड से स्टाफ एक बच्चे को कपड़े में लपेट को बाहर निकले, नीचे मैं खड़ा था तो मुझसे ये कहा गया कि बूढ़ी अस्पताल तक जाना चलो लेकिन यह नहीं बताया गया कि उनके पास मेरा बेटा है उसे कुछ हो गया हैं।बूढ़ी अस्पताल पहुंचने पर शिशु वार्ड में जब बालक को लेटाया गया तो उसका चेहरा खुलने से मैंने उसे पहचान लिया और स्टाफ से पूछा कि मेरे बेटे को क्या हो गया है, तो उन्होंने बताया कि उनके अस्पताल में वेटिंलेटर नहीं है, इसलिए बालक को लेकर आए है और फिर स्टाफ वहां से चला गया।

गहमा-गहमी होने से पहुंची पुलिसः-पिता ने बताया कि बेटे की मौत की जानकारी लगने पर मैनें अपने अन्य परिजनों को इसकी सूचना दी और वे सभी लोग न्यू समर्पण अस्पताल पहुंचे तो यहां पर गेट लगा दिया गया और अंदर घुसने से मना किया गया जिससे विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई जिसके बाद हमले पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस पहुंची। वहीं अगले की सुबह बुधवार को कोतवाली थाना में पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा की गई लापरवाही से बालक की मौत होने और हमें गुमराह करने सूचना नहीं दिए जाने की शिकायत दर्ज करवाई गई हैं।

पुलिस समझाईस के बाद परिजन मानेः-न्यू समर्पण अस्पताल के सामने मृत बालक के परिजन व ग्रामीणों ने डॉक्टर की लापरवाही पर कार्यवाही की मांग को लेकर गेट के सामने ही बैठ कर हंगामा शुरू कर दिया, मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझाईस दी और आश्वासन दिया गया हैं कि जांच उपरांत अवश्य ही घटना की सचाई से परिजनों को अवगत कराया जायेगा। तभी परिजन माने और बालक का अंतिम संस्कार करने के लिए वहा से चले गये।

बालक को वेंटिलेटर के लिए जिला अस्पताल ले गयेः-डॉक्टर आशिष गिरी ने कहा कि बालक को लुज मौसन था, परिजनों ने 23 अप्रैल को उपचार के लिए लाया गया था, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, हर संभव हमने प्रयास किया लेकिन गत दिवस बालक की स्थिती में खराब होने के कारण उसे वेंटिलेटर की आवश्यकता होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती करने के लिए अस्पताल से एम्बुलेंस में लेकर गये थे, लेकिन बच्चा की रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों को समझाई दी गई लेकिन परिजनों ने अस्पताल के सामने ही हंगामा कर दिया।

इनका कहना हैं

गत रात्रि को परिजनों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि डॉक्टर आशिष गिरी की लापरवाही के करण बालक की मौत हुई हैं। शव का पीएम कराया गया हैं, जो भी तथ्य आयेगें उसी आधार से जांच की जायेगी। परिजनों को समझाई दी गई हैं कि मर्ग जांच में जो भी तथ्य आयेगें, जांच उपरांत कार्यवाही की जायेगीं।

विजय राजपुत, थाना प्रभारी कोतवाली

बालाघाट पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पीड़ित परिवारों से मिले

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार 30 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर बालाघाट में रहे और गैंगरेप से पीड़ित बच्चीयों के परिवार से मिलने बालाघाट के धूर नक्सल प्रभावित गांव दुगलई पहुंचे। जहां उन्होने 23 अप्रैल को आदिवासी बच्चीयों के साथ हुई गैंगरेप जैसी घिनौनी घटना की घोर निंदा की और उनके परिवार वाले से मिलकर उन्हे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होने घंटो तक जमीन पर बैठकर ग्रामीणो व पीड़ित परिवार से चर्चा की। इसके अलावा उन्होने पीड़ित परिवार को एंकात में बुलाकर पुरी स्थिति को समझा। साथ ही बच्चीयों के साथ हुई गैंगरेप की घटना से विचलित होकर सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार यहां मीडिया से चर्चा में कहा कि यह घटना बेहद ही दुखद है और कोई भी समाज हो, यह पूरे समाज के लिये दुखद घटना है। इस मामले में कडी कार्यवाही होना चाहियें। साथ ही उन्होने कहा कि पीड़ित परिवार को पूरी सुरक्षा मिलना चाहियें और उन पर किसी भी प्रकार का दबाव ना हो। क्योकि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और मुख्यमंत्री जी मौन है। क्योकि उन्होने इस घटना पर पूरी चुप्पी साध ली है। उन्होने सरकार से पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से मुआवजा देने की भी मांग की है। पीड़ित परिवार से चर्चा करने व पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पुनः बालाघाट मुख्यालय पहुंचे और प्रेस कांफ्रेस की। जहां उन्होने घटना से आहत होकर दुख जताया और सरकार पर जमकर निशाना साधा। यहां चर्चा ही चर्चा में गांव व ग्रामीणो की स्थिति-परिस्थिति का जीक्र करते हुए उन्होने विधायक दल की ओर से पीड़ित परिवार को 01-01 लाख रूपये तथा जीवन निर्वहन हेतू दुगलई के सभी परिवारो को 10-10 हजार रूपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की बाते कही है। आपको बता दे कि बालाघाट जिले के अति संवेदनशील और नक्सल प्रभावित गांव दुगलई से 23 अप्रैल को जिले को शर्मशार करने वाली सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना सामने आई थी, जहां सात युवकों ने चार आदिवासी बच्चीयों के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम देकर अपने दानवता का परिचय दिया था। उस घटना से पूरा जिला ही नही, मप्र सहम गया है। क्योकि यह घटना उन आदिवासी मासूम बच्चीयों के साथ हुई है, जिनमें जागरूकता का अभाव होता है। जिसका सीधा फायदा कुकर्मीयों ने उठाया है। हालांकि इस घटना के सभी आरोपियों को पुलिस ने तत्काल ही गिरफ्तार कर लिया था और जेल भी भेज दिया है। परंतु घटना से आहत आदिवासी समुदाय का आक्रोश तब तक नही थमेगा, जब तक दोषीयों पर कडी कार्यवाही नही होती।

प्रतिमाह निःशुल्क महावीर स्वास्थ सेवा शिविर संपन्नः विशाल राउत

लांजी(स्वतंत्र मत)। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स लांजी, जिला बालाघाट म प्र (रीजन-9) द्वारा प्रतिमाह आयोजित निःशुल्क महावीर स्वास्थ शिविर के द्वारा अनेक लोगों की सेवा कार्य किया जा रहा है। सेवा, प्रेम और शांति का संदेश फैलाना, सबकी सेवा, सबको प्यार' यही महावीर इंटरनेशनल का मूल मंत्र हैं। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा प्रतिमाह दिनांक 27 तारीख से 30 तारीख तक आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आज नगर लांजी में और भानेगाव, कुम्हारिकला, बहेला, साडरा, बोलेगांव, घोटी, कांदीकला सभी स्थानों पर आयोजित किया गया, साथ ही प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 35 लोग चयनित हुए महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया कि अब नागरिकों को प्रतिमाह 27,28,29,30 तारीख को यह सभी स्थानों पर शिविर सम्पन्न कराया जाएगा लोगों की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित महावीर इंटरनेशनल लांजी, द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के द्वारा सुविधा स्थानीय लोगों के स्वास्थ सहयोग प्रदान के लिए किया जा रहा हैं। अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा केंद्र में ही बस सुविधा पहुंचकर लोगो को सुविधा प्रदान करेंगे।

नपा के नल कनेक्शन से पम्प लगाकर पानी खिंचने पर अब तक15 पम्प जप्त

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। ग्रीष्मकाल में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है। ऐसी स्थिति में नगरपालिका द्वारा लगातार जल के अपव्यय को रोकने के लिए दल बनाकर नगर में निगरानी की जा रही है। नपा सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि गत दिनों से दलों द्वारा जल प्रदाय के कार्यो को देखते हुए निगरानी के साथ ही कार्यवाही भी जारी है।जलसंरक्षण अभियान के तहत जल का महत्व बताते हुए जल को व्यर्थ बहाने तथा टिल्लू पंप के माध्यम से नगरपालिका के नल कनेक्शन से पानी खिंचने से रोकने जतागरूकता फैलाई जा रही है। परंतु कुछ लोग अब भी टिल्लू मोटरपंप से पानी खिंचकर जरूरतमंदों तक पानी पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहे है। ऐसे लोगों के विरूद्ध सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के निर्देश पर नपा की जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा वार्डो में पहुंचकर टिल्लू पंप जब्ती की गई। इसके तहत 25 से 29 अप्रैल के बीच 5 दिनों में कुल 15 मोटर जब्त की गई है।सीएमओ श्री कतरोलिया ने कलेक्टर श्री मीना के आदेश पर जल संरक्षण को लेकर नगरपालिका के तहत सभी 33 वार्डो में प्रचार-प्रसार अभियान प्रारंभ किया है। जिसमें जल का अपव्यय रोकने लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिन लोगों द्वारा नियमविरूद्ध तरीके से नगरपालिका के नल कनेक्शन में मोटरपंप लगाकर पानी खिंचकर पानी के फोर्स को बाधित किया जा रहा है तथा जरूरतमंदों तक पानी पहुंचने से रोका जा रहा है। ऐसे लोगों के विरूद्ध कड़ी

कार्यवाही करते हुए टिल्लू मोटरपंप जब्त की जा रही है।

वार्डो में पहुंच रही जलप्रदाय की टीमः-इसी कड़ी में जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा नगर के वार्ड क्रं. 3 गौसनगर में 29 अप्रैल को मकान मालिक आसीफ शेख के यहां कार्यवाही कर मोटरपंप को जब्त किया। जबकि 28 अप्रैल को वार्ड क्रं. 8 में कादरी रेंस्टारेंट, वार्ड 10 लखेरा मोहल्ला निवासी अहिदा खातुन, दिनेश मानकर, नफीस भाई, धनराज मानेश्वर, फिरोज खान इनके मकान में टिल्लू मोटरपंप का उपयोग करते पाये जाने पर जब्ती बनाई गई है। वैसे ही 26 अप्रैल को वार्ड क्रं.3 में जुबेदा कुरैशी के निवास से 2 मोटरपंप, निसार अली, अब्दुल राजीक शेख एवं शाहरूख खान के यहां से एक-एक मोटरपंप जब्त की गई। 25 अप्रैल को हुई कार्यवाही में शहर के वार्ड नं. 02, 18 ,19 के भी निवासों में कार्यवाही कर मोटरपंप की जब्ती की गई है। इस प्रकार 5 दिनों से लगातार चल रही इस कार्यवाही में अब तक 15 टिल्लू मोटरपंप को जब्त किया जा चुका है। सीएमओ ने शहरी क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि नगरपालिका के नल कनेक्शन में टिल्लू मोटरपंप का उपयोग करके जलप्रदाय को बाधित ना करें, नलों को खुला ना छोड़े, पानी का महत्व समझे और जल अपव्यय को रोकें तथा नगरपालिका द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचनें के लिए नगर पालिका का सहयोग करें ।

जल गंगा संवर्धन अभियान में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करें :कलेक्टर

सागर नगर के लहरा स्थित बड़ी नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल से जन जागरूकता कार्यक्रम और जल संरक्षण की शपथ दिलाई

सागर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम सागर जिले में कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशन में जन अभियान परिषद की टीम द्वारा जिले के समस्त विकासखंडो जन जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में विकासखंड सागर की लेहदरा में स्थित बड़ी नदी पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के छात्रों / परामर्शदाता द्वारा घाट में श्रमदान साफ सफाई का किया गया एवं सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक के के मिश्रा द्वारा विगत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश तथा प्रत्येक विकासखंड में शासन के साथ समन्वय स्थापित कर जल संरचनाओं की

साफ सफाई संरक्षण संवर्धन में जन भागीदारी सुनिश्चित किए जाने एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन संबंधी जानकारियों से परिषद की टीम के सदस्यों को अवगत कराया।कार्यक्रम में संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल हमारे जीवन एवं प्रकृति का महत्वपूर्ण अंग है यदि जल की कमी रहेगी और पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा जिस कारण पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ेगा जिसका सामना समाज को करना पड़ता है इसलिए इसके संरक्षण के चिंता समाज को भी करने की जिम्मेदारी है। विकासखंड समन्वयक अंजली पाठक द्वारा माय भारत पोर्टल पर जल दूतों के पंजीयन के संबंध में जानकारी दी एवं जल संरक्षण के महत्व के वारे मे विस्तार से बताते हुये वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूमिगत जल स्तर को ब?ाने और उसको सहेजने के तरीको को बताया, साथ ही ग्राम के प्राकृतिक जल स्त्रोतो को संरक्षित करने और उसका सही प्रबंधन करने के वारे में समझाया।परामर्शदाता नीरज व्यास द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र परामर्शदाता एवं वालंटियर उपस्थित रहे।

समितियों एवं गोदामों में पर्याप्त है खाद

किसानों से अपील, समय पूर्व उर्वरको का करे उठाव

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले में उर्वरको का खाद का भंडारण और किसानों द्वारा उठाव कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में पुरूषोत्तम जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी और राजेश खोब्रागड़े उपसंचालक कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से बताया कि प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समितियों, डबल लॉक केन्द्रो, एम.पी. एग्रो से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होने बताया कि लगातार कलेक्टर श्री मीना द्वारा खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है। किसानों से अपील की गई है कि समय पूर्व खाद का उठाव करे ताकि असमय परेशानी का सामना ना करना पड़े साथ ही किसान शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर का लाभ ले। बैंक शाखा से संबंद्ध सेवा सहकारी समितियों, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वयं और ग्राम के कोटवार के साथ गॉव-गांव मुनादी कर किसानों से खाद के अग्रिम उठाव के लिए प्रेरित करे। जिले के किसानों द्वारा खरीफ फसल की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है जिसके चलते यह जरूरी है कि खाद का अग्रिम उठाव कर ले ताकि परेशानियों का सामना ना करना पड़े। जिले की 126 सेवा सहकारी समितियों में खाद का भंडारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

गेहूँ उपार्जन 5 मई तक

सागर। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की अवधि दिनांक 15/03/2025 से 05/05/2025 तक निर्धारित की गई थी।जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि गेंहूँ उपार्जन हेतु जिले में आज दिनांक तक 176 केन्द्रों पर 44,533 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये है जिसमें से 31,971 किसानों द्वारा 2,62,914 मी.टन गेहूँ का विक्रय किया गया है एवं 14,172 किसानों को 307.64 करोड़ रूपये का सफलतापूर्वक भुगतान किसानों को प्राप्त हो गया है एवं भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है। समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि 5 मई तक गेंहूँ खरीदी की जायेगी। किसान बंधुओं से अनुरोध है कि समय-सीमा में गेंहूँ का विक्रय करें।

जिले की जनजातीय संस्थाओं व छात्रावासों के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुँचे डिप्टी कलेक्टर

छात्रावास में अनुपस्थित एवं स्वच्छता न बरतने पर दिया नोटिस

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। सोमवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जनजातीय सहायक आयुक्त श्री राहुल नायक ने जिला मुख्यालय की विभिन्न जनजातीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुए छात्रावास में पायी अनियमितता के संबंध में अधीक्षक, अधीक्षिकाओं को सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिये। साथ ही नियमित रूप से छात्रावास में रहने एवं रात्रि विश्राम के भी निर्देश दिये है।निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक ने अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास बालाघाट की अधीक्षिका को छात्रावास में उपस्थित नहीं रहने एवं छात्रावास में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखने के कारण नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही अधीक्षक/अधीक्षिकाओं के छात्रावास में उपस्थित नहीं होने के पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी जनजातीय सहायक आयुक्त श्री नायक ने सभी अधीक्षक व अधीक्षिकाओं को निर्देश दिये है कि छात्रावास एवं आश्रम शाला में निवासरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता युक्त पौष्टिक भोजन दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावास व आश्रम शाला में साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा गया है।

इन छात्रवासों व आश्रमों का किया निरीक्षणः-इस दौरान श्री नायक ने नगर के छात्रावास, आश्रम, शाला, अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास, अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास, आदिवासी सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास, आदिवासी सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, आदिवासी महाविद्यालयीन बालक छात्रावास, आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, संयुक्त आदिवासी बालक छात्रावास, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास नवेगांव (बालाघाट), आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम शाला (प्रा.स्तर), आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम शाला (मा.स्तर), का औचक निरीक्षण किया गया।